अरहान खान करेंगे मां मलाइका को सरप्राइज

इंडिया गॉट टैलेंट के सेट पर अरहान खान अपनी मां मलाइका अरोड़ा को सरप्राइज देंगे.

मलाइका अरोड़ा, जो इस बार इंडिया गॉट टैलेंट के नए सीजन की जज हैं, प्रतिभाओं को न सिर्फ जज करेंगी बल्कि उन्हें प्रोत्साहित भी करती नजर आएंगी. इसी दौरान उनके बेटे अरहान खान सरप्राइज विज़िट करने वाले हैं. यह अचानक होने वाली मुलाकात दर्शकों के लिए बेहद खास होने वाली है क्योंकि यह मां-बेटे के गहरे बॉन्ड को एक बार फिर सामने लाएगी. मलाइका और अरहान का रिश्ता हमेशा ही देखने लायक रहा है. मां-बेटे की यह जोड़ी एक-दूसरे के लिए अपने प्यार और समर्थन को बार-बार दिखाती रही है. इंडिया गॉट टैलेंट के सेट पर भी यह खूबसूरत बॉन्डिंग साफ झलकने वाली है, जहाँ अरहान की मुस्कान और मलाइका की ममता दर्शकों को उनके रिश्ते की गहराई का अहसास दिलाएगी.

इंडियाज़ गॉट टैलेंट का प्रीमियर चार अक्टूबर से, हर शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न और सोनी लिव पर होगा.

यश राज फिल्म्स ने लॉन्च किया वाईआरएफ स्क्रिप्ट सेल

यश राज फिल्म्स ने वाईआरएफ स्क्रिप्ट सेल लांच किया है जो दुनिया भर के पटकथा लेखकों को अपने विचार साझा करने का अधिकार देगा.

यश राज फ़िल्म्स ने अगली पीढ़ी के लेखकों को खोजने और उनके साथ रचनात्मक सहयोग करने के उद्देश्य से वाईआरएफ स्क्रिप्ट सेल लांच किया है. यह मंच दुनिया भर के पटकथा लेखकों को अपने विचार साझा करने का अवसर देता है.

यश राज फ़िल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी ने कहा, वाईआरएफ ने अपनी विरासत को इस क्षमता पर बनाया है कि वह लगातार बदलते परिवेश में खुद को ढ़ाल सके और प्रासंगिक बना रहे. हम मानते हैं कि आज का समय क्रिएटर्स का है, जहां हर कोई कहानीकार है और कंटेंट ही किंग है. हमें एहसास हुआ है कि विघटनकारी और सचमुच नएपन से भरी पटकथाएँ ही सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति हैं. ज़रूरी है कि हम ऐसे लेखकों को खोजें और आगे बढ़ाएँ जिनके विचार दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर सकें.

अक्षय विधानी ने कहा, वाईआरएफ स्क्रिप्ट सेल हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में करियर बनाने की चाह रखने वाले सभी लेखकों के लिए एक आमंत्रण है.



फिल्मफेयर अवॉर्ड होस्ट करेंगे शाहरुख

बॉलीवुड के किंग कहे जाने वाले अभिनेता शाहरुख खान के फैंस के लिए खुशखबरी है. वह जल्द ही फिल्मफेयर अवॉर्ड होस्ट करते हुए नजर आएंगे.

70वें फिल्मफेयर अवॉर्ड का आयोजन गुजरात के अहमदाबाद में 11 अक्तूबर को होगा. इस कार्यक्रम का हर पल ऐतिहासिक होने वाला है क्योंकि स्टेज पर शाहरुख खान होंगे.फिल्मफेयर अवॉर्ड की मेजबानी करने को लेकर शाहरुख खान उत्साहित हैं. उन्होंने इस बारे में कहा %पहली बार जब मैंने ब्लैक लेडी को अपने हाथों में लिया था, तब से लेकर इतने वर्षों में अपने साथियों और फैंस के साथ अनगिनत यादें साझा की हैं. यह प्यार, सिनेमा और जादू का एक सफर रहा है. 70वें साल सह-मेजबान के रूप में वापसी करना वाकई खास है. मैं वादा करता हूं कि हम इसे एक यादगार रात बनाएंगे. यह हंसी, पुरानी यादों और उन फिल्मों के जश्न से भरपूर होगी, जिन्हें हम सभी पसंद करते हैं.

शाहरुख खान के साथ करण जौहर और मनीष पॉल भी फिल्मफेयर अवॉर्ड होस्ट करेंगे. करण जौहर ने होस्ट बनने पर कहा फिल्मफेयर महज एक पुरस्कार नहीं है, यह एक विरासत है जिसने भारतीय सिनेमा की कहानी को आकार दिया है. वर्ष 2000 से, मैंने लगभग हर फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह में भाग लिया है और कई की मेजबानी भी की है. जैसा कि हम 70 शानदार वर्षों का जश्न मना रहे हैं, मुझे सह-मेजबानी करने में वाकई खुशी हो रही है. इस बार का कार्यक्रम सबसे यादगार होगा.हाल ही में शाहरुख खान और करण जौहर शो द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में साथ नजर आए.

कांतारा ने काफी मान-सम्मान दिलाया : ऋषभ

दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगास्टार ऋषभ शेट्टी का कहना है कि उन्हें फिल्म कातांरा ने काफी प्यार और मान-सम्मान सबकुछ दिया है. इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक कांतारा चैप्टर 1 , दो अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. हाल ही में इस फिल्म के मुख्य कलाकार और निर्देशक ऋषभ शेट्टी प्रमोशन को मुंबई पहुंचे. उनके साथ उनकी पत्नी प्रगति शेट्टी थीं, जो फिल्म की कॉस्ट्यूम डिजाइनर भी हैं, और फिल्म की महिला लीड, रुक्मिणी बसंत. इस इवेंट में निर्माता चालुवे गौड़ा, सिनेमैटोग्राफर अरविंद कश्यप और डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थादानी की भी मौजूदगी रही.

इस दौरान ऋषभ ने फिल्म के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी कई खुलासे किए हैं.ऋषभ शेट्टी ने कहा कि आज यह साबित हो गया कि एक फिल्म क्या कर सकती है.फिल्म कांतारा करके वह आज कहां से कहां पहुंच गए हैं. फिल्म कांतारा ने मुझे प्यार और मान-सम्मान सबकुछ दिया है. इसके आगे अब मैं क्या कहता हूं.

मैंने तो इन सब के बारे में सोचा भी नहीं था. जिस सिनेमा को हम भगवान की तरह पूजते हैं, उसी सिनेमा ने हमें आज इस मुकाम तक पहुंचाया है.

ऋषभ शेट्टी ने बताया कि उनके लिये मुंबई स्पेशल है.ऋषभ ने बताया कि उन्होंने मुंबई में ऑफिस बॉय से लेकर ड्राइवर तक का काम किया था. कई मायनों में मुंबई उनके लिए स्पेशल है. ऋषभ शेट्टी ने कहा कि साल 2008 में वह मुंबई आए थे. यहां अंधेरी वेस्ट में एक प्रोडक्शन हाउस था, जिसमें वह ऑफिस बॉय का काम किया करते थे. इसके अलावा, वह एक निर्माता के ड्राइवर भी थे.उस समय कभी नहीं सोचा था कि यहां तक पहुंच पाउंगा.

होम्बले फिल्म्स और ऋषभ शेट्टी की कांतारा: चैप्टर 1, 02 अक्टूबर को दुनिया भर में कन्नड़, हिंदी, तेलुगु, मलयालम, तमिल, बंगाली और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज होगी.

अंशुमन झा ने बीथोवेन की रचनाओं को रिक्रिएट किया

18वीं शताब्दी के महान संगीतकार बीथोवेन की दो मशहूर रचनाओं को नए अंदाज़ में अंशुमन झा की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म लॉर्ड कर्ज़न की हवेली में, पेश किया जाएगा.

अभिनेता से निर्देशक बने अंशुमन झा अपनी आने वाली फिल्म लॉर्ड कर्ज़न की हवेली के ज़रिए दर्शकों को एक अनोखा म्यूज़िकल अनुभव देने वाले हैं. यह ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर फिल्म 10 अक्टूबर 2025 को रिलीज़ होगी. इस फिल्म में अर्जुन माथुर और रसिका दुगल की अहम भूमिका है.

अंशुमन झा, जो महान संगीतकार लुडविग वैन बीथोवेन के लंबे समय से प्रशंसक हैं, ने इस फिल्म के लिए बीथोवेन की दो मशहूर रचनाओं - फ्यूर एलिस और सिम्फनी नंबर 5 को नए तरीके से रिक्रिएट किया है. इस म्यूज़िकल प्रयोग में उनके साथ बेल्जियम के अवॉर्ड-विनिंग कंपोज़र साइमन फ्रांसक्वेट ने काम किया है. दोनों ने मिलकर ऐसा साउंड डिज़ाइन तैयार किया है जो बीथोवेन की क्लासिकल खूबसूरती को आज की आधुनिक थ्रिलर की रहस्यमयता और हास्य से जोड़ता है.

अंशुमन झा ने कहा, बीथोवेन का संगीत सटीक और पवित्र है. जब उसे लॉर्ड कर्ज़न की हवेली जैसी ब्लैक कॉमेडी की अव्यवस्थित दुनिया में रखा जाता है, तो वह एक अजीब लेकिन गहरी टेंशन पैदा करता है. 2025 में, ये क्लासिकल धुनें सिर्फ बैकग्राउंड म्यूज़िक नहीं हैं ये कहानी के व्यंग्यपूर्ण कथाकार हैं, जो हवेली की पागलपन भरी दुनिया को और गूंजदार बनाती हैं.

सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी के सामने पेश हुईं उर्वशी

उर्वशी रौतेला 30 सितंबर को प्रवर्तन निदेशालय के ढीली कार्यालय पहुंची, उन्हें 'वनएक्सबेट' नामक अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया. यह मामला ऑनलाइन सट्टेबाजी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है, जिसमें कई हाई-प्रोफाइल हस्तियां जांच के दायरे में हैं.

'वनएक्सबेट' एक ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप है, जो भारत में अवैध तरीके से काम कर रहा है. ईडी ने इस प्लेटफॉर्म पर मनी लॉन्ड्रिंग और कर चोरी के आरोप लगाए हैं. इसके प्रचार में कई सेलेब्रिटीज और क्रिकेटर शामिल रहे हैं. उर्वशी रौतेला भी इस ऐप की भारत में एम्बेसेडर थीं और उन्होंने इसका प्रचार किया था. इस ऐप के प्रचार से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर उपलब्ध हैं, जो जांच का एक अहम हिस्सा हैं.ईडी इस मामले में पहले ही कई क्रिकेटरों और सितारों से पूछताछ कर चुकी है, जिनमें युवराज सिंह, सुरेश रैना, शिखर धवन, रॉबिन उथप्पा, सोनू सूद, और मिमी चक्रवर्ती जैसे नाम शामिल हैं. मिमी चक्रवर्ती को पहले ही 15 सितंबर को ईडी मुख्यालय में पूछताछ के लिए तलब किया गया था.

अनीता भाबी और तिवारी जी ने गरबा नाइट में मचाई धूम

भाबीजी घर पर हैं की चहेती जोड़ी, विदिशा श्रीवास्तव और रोहिताश्व गौड़ डांस, रंगों और त्योहारी खुशियों से भरपूर रात में नवरात्रि मनाने के लिए हजारों फैंस के साथ शामिल हुए. नवरात्रि भारत का एक शानदार त्योहार है, जिसे पूरी दुनिया में बड़े उत्साह से मनाया जाता है.

इस बार, एण्डटीवी के मशहूर शो भाबीजी घर पर हैं की लोकप्रिय जोड़ी अनीता भाबी (विदिशा श्रीवास्तव) और मनमोहन तिवारी (रोहिताश्व गौड़ ने मुंबई की मशहूर गरबा नाइट में हिस्सा लिया और प्रशंसकों के साथ खूब मस्ती की. इस उत्सव की खुशी और भी बढ़ गई, क्योंकि एण्डटीवी जल्द ही अपना नया मजेदार शो %घरवाली पेड़वाली लॉन्च करने वाला है, जो दर्शकों के लिए ढेर सारा मनोरंजन लाएगा.

रोहिताश्व गौड़, यानी मनमोहन तिवारी, ने हंसते हुए कहा, मेरा एक सपना था कि मैं अनीता भाबी के साथ गरबा खेलूं, और इस साल वो सपना सच हो गया! विदिशा के साथ गरबा करना ऐसा था जैसे एक रात में होली और दिवाली दोनों मना ली. ऑन-स्क्रीन मैं हमेशा उनका दिल जीतने की कोशिश करता हूं, लेकिन ऑफ-स्क्रीन उनके साथ मुंबई के गरबा स्टेज पर नाचना बहुत मजेदार था. संगीत, भीड़ का जोश, सब कुछ कमाल का था.

विदिशा श्रीवास्तव, यानी अनीता भाबी, ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, नवरात्रि मेरे लिए बहुत खास है. मेरे परिवार में इसे बड़ी श्रद्धा से मनाते हैं. हर साल हम नौ दिनों के रंगों की परंपरा निभाते हैं और मां दुर्गा की पूजा करते हैं. इस बार ये त्योहार और खास था, क्योंकि मैंने रोहिताश्व जी के साथ मुंबई के कोरा केंद्र, बोरीवली में गरबा नाइट में हिस्सा लिया. उनके साथ गरबा करना और प्रशंसकों के साथ ताल से ताल मिलाना बहुत मजेदार था.

यंग इंडिया



गूगल ने बदला अपना सिग्नेचर जी लोगो

गूगल ने अपने सिग्नेचर जी लोगो का डिजाइन अपडेट कर दिया है. कंपनी ने घोषणा की है कि अब उसका पुराना Logo पूरी तरह बदल दिया गया है और सभी प्लेटफॉर्म पर नया स्वरूप नजर आएगा. यह नया स्वरूप पुराने की तुलना में अधिक ब्राइट है और इसमें 4-कलर ग्रेडिएंट लुक दिया गया है. इसी साल Google ने सर्च रिजल्ट्स में इस Logo को शामिल किया था और अब इसे ब्रांड की पहचान के तौर पर हर जगह इस्तेमाल किया जाएगा.

2015 से चला आ रहा था पुराना लोगो

गूगल का पुराना जी लोगो 2015 में लॉन्च किया गया था, जिसमें ब्लू, रेड, येलो और ग्रीन रंग शामिल थे. लगभग 10 साल बाद अब कंपनी ने इसका नया वर्ज़न पेश किया है. नया Logo भी इन्हीं रंगों पर आधारित है, लेकिन इसमें ग्रेडिएंट इफेक्ट जोड़कर इसे और आधुनिक बनाया गया है. गूगल का कहना है कि इस बदलाव से यह संदेश देना है कि कंपनी अपनी पुरानी पहचान को बरकरार रखते हुए AI के नए दौर में प्रवेश कर रही है.

AI के युग की झलक

गूगल ने कहा, नया और ब्राइट लोगो आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के दौर की झलक है. कंपनी हाल के वर्षों में AI तकनीक पर तेजी से निवेश कर रही है और लगातार नए प्रोडक्ट्स लॉन्च कर रही है. गूगल का मानना है कि स्वरूप की नई पहचान, उसकी पारंपरिक 4-कलर आइडेंटिटी से जुड़ी रहेगी. गूगल सर्च के बाद इसे जेमिनी स्पार्क जैसे प्लेटफॉर्म्स में भी इस्तेमाल किया गया था और आने वाले समय में कंपनी के सभी प्रोडक्ट्स, सर्विसेस और प्लेटफॉर्म्स पर यही Logo दिखेगा.

AI की रेस में मजबूत हुआ गूगल

कुछ समय पहले तक यह आशंका जताई जा रही थी कि गूगल की रेस में पीछे रह सकता है, लेकिन कंपनी ने लगातार नए टूल्स और सर्विसेस लॉन्च कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है. गूगल ने अपने सर्च इंजन में भी एआई मोड शामिल कर दिया है.

चमचमाते सिक्के, झुमके और जेवरात देख चौंके एक्सपर्ट

इजरायल में गैलिली सागर के पास 1,400 साल पुराने सोने के सिक्कों और आभूषणों के दुर्लभ भंडार की खोज हुई है. पुरातत्वविदों ने बताया है कि खोजे गए सिक्के बीजान्टिन युग के हैं. खोजे गए भंडार में 97 शुद्ध सोने के सिक्के और दर्जनों आभूषण शामिल हैं. इनमें मोती, अर्ध-कीमती पत्थरों और कांच जड़े झुमके शामिल है. एक्सपर्ट की टीम को यह खजाना हिप्पोस (सुसीता) के प्राचीन शहर की खोज के दौरान मिला, जो इजरायल के नियंत्रण वाले गोलान हाइट्स की ढलानों पर स्थित है.

हाइफा विश्वविद्यालय के पुरातत्वविद् माइकल इसेनबर्ग ने लाइव साइंस को बताया कि यह उस काल के पांच सबसे बड़े स्वर्ण भंडारों में से एक है, जो अभी तक इस क्षेत्र में पाए गए हैं. हिप्पोस में अब तक ज्ञात यह अपनी तरह का पहला भंडार है. आभूषणों और छोटी मुद्राओं के मिलने से यह मुद्राशास्त्रीय रूप से भी महत्वपूर्ण

हो गया है. यह खजाना इजरायल के लिए काफी अहम साबित हो सकता है.

कैसे हुई ये अहम खोज- एक्सपर्ट एडी लिप्समैन ने जुलाई में एक बड़े पत्थर और दो प्राचीन दीवारों के पास से गुजरते हुए इस भंडार की खोज की. लिप्समैन ने बताया है कि एक मेटल उपकरण की बीप से उनको इसका अहसास हुआ. एडी ने कहा कि पहले तो उन्हे यकीन ही नहीं हुआ कि यहां कोई खजाना हो सकता है. हालांकि जब जांच की गई तो एक के बाद एक सोने के सिक्के निकलने लगे.

इसेनबर्ग ने अपने बयान में कहा कि जब आपको 1,400 साल पुराने सिक्के और आभूषण मिलते हैं, जो नए जैसे दिखते हैं तो यह शानदार अनुभव होता है. इनमें से एक ट्रेमिस विशेष रूप से दुर्लभ है. इसे 610 में साइप्रस में सेनापति हेराक्लियस एल्डर और उनके पुत्र ने ढाला था, ये दोनों सम्राट फोकस के विरुद्ध विद्रोह कर रहे थे. छोटे हेराक्लियस ने विजय प्राप्त की और बीजान्टिन हेराक्लियन राजवंश की स्थापना करते हुए

भारत के चंद्रयान की खोज पर लगी मोहर!

चांद पर जंग लगने से जुड़े एक नए खुलासे ने एक्सपर्ट को चौंका दिया है. चंद्रमा पर हवा नहीं होने के बावजूद वहां हेमेटाइट नाम का खनिज फैल रहा है. हेमेटाइट लोहे पर लगने वाली जंग की तरह है, जिसके बनने में आमतौर पर ऑक्सीजन और पानी की जरूरत होती है. ऐसे में चांद पर हेमेटाइट का फैलना वैज्ञानिकों को हैरान कर रहा है. चंद्रमा पर जंग लगने की वजह पृथ्वी को माना जा रहा है. भारत के चंद्रयान-1 मिशन में भी यह सामने आया था. ऐसे में यह खोज एक तरह से भारत के चंद्रयान मिशन की खोज पर मोहर लगाती है.

नासा के मुताबिक, जंग तब बनती है, जब लोहा पानी और ऑक्सीजन के संपर्क में आता है. शोधकर्ताओं ने चंद्रमा की सतह पर खासतौर से ध्रुवों के पास हेमेटाइट नाम का आयरन ऑक्साइड (जंग) पाया है. जंग लगने के संकेत देखकर वैज्ञानिक हैरान रह गए हैं. इस प्रक्रिया में आमतौर पर ऑक्सीजन और पानी की जरूरत होती है, जो चंद्रमा पर दुर्लभ हैं. ऐसे में सवाल है कि यह जंग कैसे लग रहा है.

चंद्रयान मिशन से कनेक्शन- साल 2020 में वैज्ञानिकों ने माना था कि भारत के चंद्रयान-1 मिशन ने चंद्रमा के ध्रुवों के पास हेमेटाइट है. भारत के चंद्रयान मिशन ने चंद्रमा से आंकड़े जमा किए, जिनसे कई खोजें हुई हैं. इनमें चंद्रमा की सतह पर पानी के अणुओं के प्रमाण शामिल हैं. नासा और हवाई इंस्टीट्यूट ऑफ जियोफिजिक्स एंड प्लैनेटोलॉजी के शोधकर्ताओं ने अध्ययन में हेमेटाइट के संकेत देखे हैं.

डोरडैश ने पेश किया तेज और स्मार्ट डिलीवरी रोबोट डॉट

अमेरिका की प्रमुख फूड डिलीवरी कंपनी डोरडैश ने अपना नया ऑटोनॉमस डिलीवरी रोबोट डॉट पेश किया. यह रोबोट व्यस्त सड़कों, पार्किंग लॉट और फुटपाथ पर अपने आप नेविगेट करके ग्राहकों तक खाना पहुंचाएगा. ऑटोनॉमस व्हीकल टेक्नोलॉजी में डॉट डोरडैश का पहला स्टैंडअलोन प्रयास है . इससे पहले कंपनी ने ड्रोन डिलीवरी का परीक्षण किया था और कोको रोबोटिक्स के साथ फुटपाथ डिलीवरी में सहयोग किया था.

डोरडैश के सह-संस्थापक स्टैनली टैंग ने कहा, हमारे बिजनेस की जटिलता और स्केल को देखते हुए ऑटोनॉमी जैसी टेक्नोलॉजी की जरूरत थी. डॉट इसके लिए बेहतरीन समाधान है.इसकी गति 20 मील प्रति घंटे तक की है, ये एक बार में 6 पिज्जा बॉक्स या 30 पाउंड तक का सामान उठा या पहुंचा सकता है, नेविगेशन के लिए इसमें 8 कैमरे और 3 लाइडार सेंसर लगे हैं, इसमें इंटरनल कैमरे भी लगे हैं जो ये सुनिश्चित करते हैं कि खाना सुरक्षित और सही हालत में पहुंचे. इसमें स्मार्ट स्केल फीचर भी है जो ऑर्डर का वजन करता है और किसी भी कमी का तुरंत पता लगाता है.

डोरडैश ने कहा कि फीनिक्स में डॉट का परीक्षण किया जा रहा है और भविष्य में इसे अन्य महानगरों में भी लागू किया जाएगा. इसके साथ ही कंपनी ने ऑटोनॉमस डिलीवरी प्लेटफार्म की घोषणा की है, जिसमें ड्रोन डिलीवरी की सुविधा भी शामिल है. कंपनी के अनुसार, स्मार्ट स्केल फीचर के कारण परीक्षण अवधि में मिसिंग आइटम की शिकायतें 30त्न तक कम हुई हैं.